खाटू वाले ऐसा तेरा प्यार चाहिए

आंखे बन्द करूं तो दीदार चाहिए,
खाटू वाले ऐसा तेरा प्यार चाहिए,
एक बार नहीं बार बार चाहिए,
खाटू वाले श्याम तेरा प्यार चाहिए......

मिल जाए प्यार तेरा कमी किस बात की,
मुझको जरूरत है बाबा तेरे साथ की,
तेरे जैसा सच्चा मददगार चाहिए,
नीले वाले श्याम तेरा प्यार चाहिए.....

हारने ना देना कभी मुश्किल में दास को,
पूरी करना बाबा मेरी छोटी बड़ी आस को,
रहमतों का मुझे भंडार चाहिए,
नीले वाले श्याम तेरा प्यार चाहिए.....

लोग कहें 'विक्रम' तो लाडला है श्याम का,
ऐसा लगे टैग बाबा मुझे पे तेरे नाम का,
हर जन्म ही तेरा दरबार चाहिए,
खाटू वाले ऐसा तेरा प्यार चाहिए.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32447/title/khatu-wale-aisa-tera-pyar-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |